क्लोज़ापीन

CLOZAPINE

Hindi/हिन्दी

क्लोज़ापीन क्या है?

क्लोज़ापीन एक दवा है जो मानसिक बीमारी की कुछ किस्मों के उपचार में प्रयोग की जाती है। क्लोज़ापीन को क्लोज़रिल, क्लोपिन या क्लोसिन कहा जा सकता है।

चिकित्सकों द्वारा उन लोगों को क्लोज़ापीन लेने के लिए कहा जाता है जो किसी साइकॉटिक बीमारी से ग्रस्त होते हैं, और इसलिए इसे एक एंटीसाइकॉटिक दवा के रूप में जाना जाता है।

एंटीसाइकॉटिक दवाइयां अलग-अलग किस्मों की होती हैं। क्लोज़ापीन अपेक्षाकृत एक नई एंटीसाइकॉटिक दवा है।

साइकॉटिक बीमारियां क्या होती हैं?

साइकॉटिक बीमारियां मानसिक बीमारियों की एक किस्म हैं। साइकॉटिक बीमारियां लोगों के सोचने, महसूस करने और व्यवहार के तरीके को प्रभावित कर सकती हैं। साइकॉटिक बीमारियों से ग्रस्त लोगों को, जो वास्तव में हो रहा है और जो वास्तव में नहीं हो रहा है, उसकी पहचान करने में समस्याएं हो सकती हैं। साइकॉटिक बीमारियों की एक किस्म सिज़ोफ्रेनिया है।

साइकॉटिक बीमारियों से ग्रस्त लोगों को निम्नलिखित लक्षणों का अनुभव हो सकता है:

- हैल्यूसिनेशन (मतिभ्रम): हैल्यूसिनेशन से ग्रस्त लोग ऐसी चीजों को देखते, सुनते, महसूस करते, सूंघते या चखते हैं जो वास्तव में होती ही नहीं हैं। हैल्यूसिनेशन का एक उदाहरण ऐसी आवाज़ों का सुनाई पड़ना है जो किसी और को सुनाई न पड़ती हों।
- डिल्यूज़न (भ्रम): डिल्यूज़न का अनुभव करने वाला व्यक्ति ऐसी चीजों को मानता है जो सच नहीं हैं। उदाहरण के लिए, वह व्यक्ति यह मान सकता है कि कोई दूसरा व्यक्ति उसके विचारों को पढ़ रहा है।
- अव्यवस्थित विचार: अव्यवस्थित विचारों वाला व्यक्ति सम्भवत: सही तरह से सोचने में समर्थ नहीं होता है।

साइकॉटिक बीमारियों के लक्षणों पर नियंत्रण के लिए क्लोज़ापीन एक बहुत प्रभावी दवा हो सकती है।

मुझे क्लोज़ापीन लेने के बारे में बताने के लिए मेरे चिकित्सक को क्या जानने की आवश्यकता है?

अपने लक्षणों और चिकित्सा इतिहास के बारे में, और आप कितना धूम्रपान करते/करती हैं और शराब का कितना सेवन करते/करती हैं, और क्या आप कोई अवैध ड्रग लेते/लेती हैं, इन सब के बारे में अपने चिकित्सक को यथा संभव अधिक से अधिक जानकारी दें। आपको जो भी बीमारी है और जो पहले रह चुकी हैं, जैसे हृदय रोग, या अन्य कोई दवाइयां जो आप ले रहे/रही हैं, इन सब के बारे में आपके चिकित्सक को पता होना महत्वपूर्ण है।

जब आप पहली बार क्लोज़ापीन लेना शुरू करेंगे/करेंगी तो आपको साप्ताहिक रक्त परीक्षण कराने की आवश्यकता होगी। आपके द्वारा 18 सप्ताहों तक दवा लिए जाने के बाद सामान्यत: प्रत्येक माह रक्त परीक्षण की आवश्यकता होगी। रक्त परीक्षणों की आवश्यकता यह देखने के लिए होती है कि कहीं आपको क्लोज़ापीन के कारण कोई ऐसी प्रतिक्रिया तो नहीं हो रही है जिसकी वजह से अन्य चिकित्सीय समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

क्लोज़ापीन शुरू करने से पहले आपको अपने हृदय का एक अल्ट्रासाउंड कराने की भी आवश्यकता होगी। अल्ट्रासाउंड एक परीक्षण होता है जिसमें ध्वनि तरंगों का इस्तेमाल करके आपके हृदय की तस्वीर ली जाती है। आपके चिकित्सक अल्ट्रासाउंड से आपके हृदय के स्वास्थ्य की जांच कर सकेंगे। आपके द्वारा क्लोज़ापीन छ: माह तक लिए जाने के बाद आपके हृदय का एक और अल्ट्रासाउंड किया जाएगा।

आपका शरीर दवा के प्रति किस तरह से प्रतिक्रिया कर रहा है, इसका पता करने के लिए ये परीक्षण आपके चिकित्सक के लिए आवश्यक हैं। क्लोज़ापीन लेने के दौरान, यदि आवश्यक हुआ तो आपके चिकित्सक, अन्य परीक्षणों की भी व्यवस्था करेंगे। इन परीक्षणों के बारे में यदि आपको कुछ पूछना है तो आपको अपने चिकित्सक से बात करनी चाहिए।

क्लोज़ापीन लेते समय मुझे और क्या जानना चाहिए?

अपने सामान्य शारीरिक स्वास्थ्य के निरीक्षण के लिए अपने चिकित्सक से कम से कम छ: माह में एक बार अवश्य मिलें।

क्लोज़ापीन लेने के दौरान आप को शराब (वाइन, बीयर और स्पिरिट्स कॉकटेल के समित) पीने से परहेज करना चाहिए। क्लोज़ापीन शराब के प्रभाव को बढ़ा सकती है और स्पष्ट सोचने की आपकी क्षमता को प्रभावित कर सकती है। शराब और क्लोज़ापीन को मिला देने से आपको काफी उनींदापन हो सकता है।

सिगरेट पीना आपके रक्त में क्लोज़ापीन के स्तर को प्रभावित कर सकता है। यदि आप सिगरेट पीते/पीती हैं तो आपको अपने चिकित्सक से बात करनी चाहिए। यह बहुत जरूरी है कि आपके चिकित्सक को आपके द्वारा पी जाने वाली सिगरेटों की मात्रा में किसी भी परिवर्तन की जानकारी हो।

क्लोज़ापीन लेने के दौरान आपको अन्य कोई ड्रग्स (उदाहरण के लिए भांग, एम्फीटामीन या इंजेक्शन के द्वारा ली जाने वाली ड्रग्स) लेने से भी परहेज करना चाहिए। अन्य ड्रग्स आपके लक्षणों को और खराब कर सकती हैं।

यदि आप बच्चा पैदा करने की योजना बना रही हैं तो आपको अपने चिकित्सक से बात करने की आवश्यकता है। यदि आप पहले से ही गर्भवती हैं तो आपको तत्काल अपने चिकित्सक से संपर्क करने की आवश्यकता है। यदि आप क्लोज़ापीन लेने के दौरान बच्चों को स्तनपान करा रही हैं तो आपको अपने चिकित्सक को बताना चाहिए।

अपनी क्लोज़ापीन को किसी और के साथ साझा न करें। आपकी दवाइयां आप के लक्षणों के लिए निर्धारित की गई हैं और जो आपके चिकित्सा इतिहास के लिए उपयुक्त हैं। क्लोज़ापीन किसी और के लिए हानिकारक हो सकती है। यदि आप किसी ऐसे व्यक्ति को जानते/जानती हैं, जिसके लक्षण आपके लक्षणों के समान प्रतीत होते हैं तो उन्हें किसी चिकित्सक से मिलने के लिए प्रोत्साहित करें।

यदि मुझे अंग्रेजी बोलने में मदद की आवश्यकता है तो क्या करना चाहिए?

यदि आपको अपने चिकित्सक या फार्मासिस्ट के साथ बातचीत में कठिनाई होती है तो किसी दुभाषिए के लिए कहें। किसी पारिवारिक सदस्य या मित्र के बजाए किसी व्यावसायिक दुभाषिए का प्रयोग किया जाना चाहिए। वे चिकित्सा संबंधी शब्दों को समझने में प्रशिक्षित होते हैं और उनसे सूचना को गोपनीय रखने की अपेक्षा की जाती है।

आपका चिकित्सक या फार्मासिस्ट ट्रांसलेटिंग एंड इंटरप्रेटिंग सर्विस (टीआईएस) को 131 450 पर कॉल कर सकते हैं। यह सेवा निशुल्क है और सप्ताह में सातों दिन, चौबीसो घंटे उपलब्ध है।

इस सूचना-पुस्तिका में केवल सामान्य जानकारियाँ शामिल हैं और इसमें दवाओं के सभी ब्रांड के नाम या सभी संभावित अनुषंगी प्रभाव शामिल नहीं हैं।

NSW GOVERNMENT Health

Transcultural Mental Health Centre

Adapted from Sydney & South Western Sydney LHD Mental Health Services, Consumer Medication Brochure Series (2009).

CONSUMER MEDICATION BROCHURE SERIES

मैं क्लोज़ापीन किस प्रकार लूं?

क्लोज़ापीन एक गोली होती है। आपका चिकित्सक आपको बताएगा कि आपको दवा की कितनी मात्रा या खुराक लेनी है और यह कब लेनी है।

यदि आप अच्छा भी महसूस कर रहे/रही हों तो भी प्रतिदिन क्लोज़ापीन लेना आवश्यक है। आप क्लोज़ापीन की जो मात्रा लेते/लेती हैं उसमें आपको कोई परिवर्तन नहीं करना चाहिए और न ही क्लोज़ापीन लेना बंद करना चाहिए, जब तक कि आपके चिकित्सक आपको ऐसा करने के लिए न कहें।

यदि मैं अपनी क्लोज़ापीन लेना भूल गया हूँ तो मैं क्या करूं?

आपको क्लोज़ापीन प्रतिदिन एक ही समय पर लेने की कोशिश करनी चाहिए। यदि आप अपनी क्लोज़ापीन लेना भूल गए हैं तो आप इसे केवल तब लें जब इसे लेने के आपके सामान्य समय से अधिक देरी न हुई हो।

यदि आप क्लोज़ापीन लेने के अपने सामान्य समय के कुछ ही घंटों के भीतर अपनी दवा लेना याद नहीं रख पाते हैं तो अपनी अगली खुराक का समय हो जाने तक प्रतीक्षा करें और तब अपनी सामान्य मात्रा या खुराक लें। क्लोज़ापीन की मात्रा दोगुनी कर के भरपाई करने की कोशिश न करें।

यदि आप क्लोज़ापीन को दो दिनों से अधिक के लिए लेना भूल जाते/जाती हैं तो तत्काल अपने चिकित्सक से बात करें। अपने चिकित्सक से बात करने से पहले कोई क्लोज़ापीन न लें।

क्लोज़ापीन को अपना काम करने में कितना समय लगता है?

क्लोज़ापीन का तत्काल कोई प्रभाव नहीं होता है। आप को इस बारे में अपने चिकित्सक से बात करनी चाहिए कि आपके मामले में क्लोज़ापीन को अपना असर दिखाने में कितना समय लगेगा।

क्या मैं क्लोज़ापीन के साथ अन्य दवाइयां ले सकता/सकती हूँ?

क्लोज़ापीन अन्य दवाइयों के काम करने के तरीके को प्रभावित कर सकती है। आप जो भी अन्य दवाइयां लेते/लेती हों उनके बारे में अपने चिकित्सक को अवश्य बताएं। अन्य दवाइयों में वे सभी दवाइयां शामिल हैं जो आपको किसी चिकित्सक ने निर्धारित की हों या आपने बिना किसी प्रेसक्रिप्शन (नुस्खे) के खरीदी हों।

यदि आप कोई हर्बल या पारम्परिक दवाइयां लेते/लेती हैं तो इसके बारे में अपने चिकित्सक को अवश्य बताएं।

क्लोज़ापीन लेने के दौरान मुझे क्या दुष्प्रभाव हो सकते हैं?

किसी दवा को लेने के बाद कोई अनचाही प्रतिक्रिया दुष्प्रभाव कहलाती है। अधिकांश दवाइयों के दुष्प्रभाव होते हैं लेकिन विभिन्न लोगों में दुष्प्रभावों की तीक्ष्णता अलग-अलग हो सकती है।

क्लोज़ापीन के संभावित दुष्प्रभावों को जानना बहुत जरूरी है ताकि यदि आप सोचते/सोचती हैं कि आप को दुष्प्रभाव हो रहे हैं तो आप अपने चिकित्सक से बात कर सकते/सकती हैं। यदि आप अच्छा महसूस नहीं कर रहे/रही हैं या आप क्लोज़ापीन लेने के किन्हीं दुष्प्रभावों को लेकर चिंतित हैं तो आपको सदैव अपने चिकित्सक से बात करनी चाहिए। आपकी दवा के दुष्प्रभावों के प्रबंधन के बारे में आपके चिकित्सक आपको अधिक जानकारी दे सकते हैं।

क्लोज़ापीन

संभावित दुष्प्रभाव और उनके प्रबंधन के तरीके नीचे दर्शाए गए हैं: *यदि आप निम्नलिखित में से किसी भी दुष्प्रभाव का अनुभव करते/करती हैं तो कृपया अपने चिकित्सक से बात करें*

संभावित दुष्प्रभाव	क्या किया जाए?
उनींदा महसूस करना	आपका चिकित्सक आपको अधिकांश दवाइयां रात में लेने के लिए कह सकता है। आपको यह सलाह भी दी जा सकती है कि आप कोई वाहन या मशीन न चलाएं।
वजन में बढ़ोतरी	स्वस्थ भोजन लें और ऐसे खाद्य पदार्थों से बचे जिनमें अधिक चिकनाई या शर्करा हो। दो भोजनों के बीच में स्नैक्स न लेने की कोशिश करें। नियमित व्यायाम आपकी दैनिक दिनचर्या का महत्वपूर्ण भाग हैं, विशेषकर तब जब आप क्लोज़ापीन ले रहे/रही हों।
उच्च तापमान, गला खराब, मुंह में छाले और इन्फ्लूएंजा के समान अन्य लक्षण	यदि आप इन में किसी भी लक्षण का अनुभव करते/करती हैं तो यथाशीघ्र अपने चिकित्सक को दिखाएं।
आराम करते हुए तेज धड़कन	अपने चिकित्सक से बात करें।
सांस नहीं ले पा रहे/रही हैं या छाती में दर्द का अनुभव कर रहे/रही हैं	तत्काल अपने चिकित्सक से बात करें।
चक्कर आना	खड़े होते समय ध्यान रखें। उदाहरण के लिए, यदि आप लेटे हुए/लेटी हुई हैं और खड़े होना चाहते/चाहती हैं तो यह सुनिश्चित करें कि आप पहले बैठने की स्थिति में आएं। खड़े होने की कोशिश करने से पहले बैठने की स्थिति में कुछ मिनट तक रहें। यदि समस्या जारी रहती है तो अपने चिकित्सक से बात करें।
नींद के दौरान पेशाब करना	चिकित्सक आपको यह सुझाव दे सकते हैं कि सोने से पहले आप शाम को पीने वाले तरल की मात्रा को सीमित रखें।
लार की मात्रा में वृद्धि	रात में अपनी तरफ सोने की कोशिश करें। कुछ ऐसी दवाइयां हैं जिन्हें आपके चिकित्सक इस समस्या के लिए निर्धारित कर सकते हैं।
कब्ज (सख्त मल के कारण पेट साफ होने में कठिनाई)	होल ग्रेन ब्रेड और सीरियल्स, फल और सब्जियों का सेवन करें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आपके भोजन में पर्याप्त फाइबर (रेशा) शामिल है। खूब पानी पिएं और नियमित रुप से व्यायाम करें। यदि यह जारी रहता है तो चिकित्सक से बात करना आवश्यक है।
जी मिचलाना (उल्टी करने की इच्छा)	जब आप पहली बार क्लोज़ापीन लेना शुरू करते हैं तो जी मिचलाना महसूस हो सकता है। आपके चिकित्सक इसके लिए आपको दवाइयां निर्धारित कर सकते हैं।

Adapted from Prof D. Castle and N. Tran: Psychiatric Medication Information, St. Vincent's Hospital Melbourne, February 2008.

यदि आप कुछ ऐसे दुष्प्रभावों का अनुभव करते हैं जो इस सारणी में नहीं दिए गए हैं तो उनके बारे में अपने चिकित्सक से चर्चा करें।

अपने लक्षणों और दवा से होने वाले दुष्प्रभावों का रिकॉर्ड रखें। जब आप अपने चिकित्सक से मिलने जाएं तो इन नोट्स को अपने साथ ले जाएं और यदि आप इस बारे में और अधिक जानकारी चाहते/चाहती हैं कि क्लोज़ापीन आपके लिए कैसा काम कर रही है, तो अपने चिकित्सक से पूछें।

मेडीमेट ब्रोशर, जो बहुत सी भाषाओं में उपलब्ध है, आपके लिए अपने चिकित्सक के साथ मिलकर एंटीसाइकॉटिक दवाइयों या अन्य दवाइयों को समझने और प्रयोग करने में सहायक हो सकता है। यह ब्रोशर और अन्य उपयोगी सूचना नेशनल प्रेसक्राइबिंग सर्विस मेडिसिनवाइज (एनपीएस) वेबसाइट पर उपलब्ध हैं:
http://www.nps.org.au/translated-health-information-about-medicines.